भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 214**
उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025
सोमवार, 14 माघ 1946 (शक)

**आन्ध्र प्रदेश में एनएपीएस 2.0 की स्थिति**

214. श्री जी. लक्ष्मीनारायण: श्री तंगेला उदय श्रीनिवास: श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) 2.0 की वर्तमान स्थिति क्या है और राज्य में जिलावार कुल कितनी शिक्षुता प्रदान की गई है;

(ख) आन्ध्र प्रदेश में प्रशिक्षुता के अवसरों के लिए एनएपीएस 2.0 के अंतर्गत नामांकित नियोक्ताओं और उद्योगों की संख्या कितनी है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रशिक्षुओं की कुल संख्या कितनी है और उक्त राज्य में क्षेत्र-वार कितने व्यक्तियों को पूर्णकालिक रोजगार में आमेलित किया गया है;

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत वित्तीय आवंटन और संवितरण का ब्यौरा क्या है और आन्ध्र प्रदेश में शिक्षुता के अवसरों का विस्तार करने के लिए शिक्षुता प्रोत्साहनों पर खर्च की गई राशि और आगे निधि जारी करने की क्या योजनाएं हैं;

(ड.) उक्त राज्य के कितने प्रशिक्षु केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/राज्य सरकार के उपक्रमों और केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभागों में वर्ष-वार रोजगार प्राप्त किए; और

(च) उक्त राज्य में उक्त योजना में भाग लेने वाली महिला प्रशिक्षुओं की कुल संख्या कितनी है और पारंपरिक रूप से पुरूष प्रधान क्षेत्रों में महिला प्रशिक्षुओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

क) राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एन ए पी एस) अगस्त 2016 में प्रारंभ की गई थी । इस योजना को वित्तीय वर्ष 2022-23 से एन ए पी एस-2 के रूप में जारी रखने हेतु विस्तारित किया गया था। एन ए पी एस 2.0 के अंतर्गत, भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला वृत्रिका समर्थन डायरैक्ट बैनेफिट ट्रांस्फर (डी बी टी) के माध्यम से प्रशिक्षुओं के बैंक खातों में किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से वित्तीय वर्ष 2024-25 (31.12.2024

तक) आंध्र प्रदेश राज्य में नियोजित प्रशिक्षुओं की संख्या **52,964** है । आंध्र प्रदेश राज्य में जिला वार नियोजित किए गए प्रशिक्षुओं का विवरण **अनुबंध** की तालिका I में दिया गया है।

ख) प्रशिक्षु प्रशिक्षण किसी संस्था / उद्योग के भीतर आयोजित किया जाता है । आंध्र प्रदेश में ऐसे संस्थानों / उद्योगों की संख्या जिन्होंने एन ए पी एस 2.0 (वि. वर्ष 2022-23 से वि. वर्ष 2024-25 (31.12.2024 तक)) के अंतर्गत प्रशिक्षुओं को नियोजित किया है **998** है ।

ग) ऐसे प्रशिक्षुओं की कुल संख्या जिन्होंने आंध्र प्रदेश में एन ए पी एस 2.0 (वि. वर्ष 2022-23 से वि. वर्ष 2024-25 (31.12.2024 तक) के अंतर्गत प्रशिक्षण पूरा किया है, **28,582** है । ऐसे प्रशिक्षुओं का दो भागों में क्षेत्र वार विवरण जिन्होंने आंध्र प्रदेश राज्य में प्रशिक्षण पूरा किया है **अनुबंध** की तालिका II में दिया गया है । यह योजना प्रशिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देती है जोकि प्रशिक्षुता अधिनियम 1961 और उसके तहत नियमों से शासित होती है। तद्नुसार, प्रशिक्षुता प्रशिक्षण अवधि पूरी हो जाने पर नियोजक के लिए प्रशिक्षु को रोज़गार देना अनिवार्य नहीं है ।

घ) आंध्र प्रदेश राज्य को जारी किए जाने वाले धन का विवरण निम्नानुसार दिया गया है :

(आंकड़े करोड़ रूपयों में)

| **क्रम सं.** | **वित्तीय वर्ष** | **संवितरित की गई राशि** | |
|---|---|---|---|
| | | **दावा प्रतिपूर्ति** | **डी बी टी** |
| 1 | विव 22-23 | 3.34 | शून्य |
| 2 | विव 23-24 | 2.72 | 11.55 |
| 3 | विव 24-25 | 1.19 | 6.48 |
| **कुल जोड़** | | **7.25** | **18.03** |

एन ए पी एस -2 के अंतर्गत, वृत्रिका में सरकार का भाग प्रशिक्षुओं को डी बी टी के माध्यम से सीधा जारी किया जाता है । विव 2025-26 में इस योजना के अंतर्गत जारी किया जाने वाला धन राज्य में संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षुओं के नियोजन पर आधारित होगा।

ड.) एन ए पी एस 2.0 (वि. वर्ष 2022-23 से वि. वर्ष 2024-25 (31.12.2024 तक) के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में सीपीएसयू / एसपीएसयू तथा केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों में नियोजित किए गए प्रशिक्षुओं की कुल संख्या नीचे दी गई है :

| **संस्था का प्रकार** | **विव-2022-23** | **विव 2023-24** | **विव-2024-25** (31.12.2024 की स्थिति के अनुसार) | **कुल जोड़** |
|---|---|---|---|---|
| केन्द्रीय सरकार | 1,647 | 1,880 | 346 | 3,873 |
| सी पी एस यू | 920 | 746 | 193 | 1,859 |
| राज्य सरकार | 5 | 38 | 44 | 87 |
| एस पी एस यू | 1,007 | 916 | 427 | 2,350 |
| **कुल जोड़** | **3,579** | **3,580** | **1,010** | **8,169** |

च) आंध्र प्रदेश में एन ए पी एस-2 के अंतर्गत एन ए पी एस 2.0 (वि. वर्ष 2022-23 से वि. वर्ष 2024-25 (31.12.2024 तक) के अंतर्गत नियोजित महिलाओं की कुल संख्या **10,189** है । मासिक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला (पीएसएनएएम) जिसका आयोजन प्रत्येक राज्य के एक तिहाई ज़िलों में अखिल भारतीय स्तर पर किया जाता है जिसमें से राज्य महिला अभ्यर्थियों को जुटाने को प्राथमिकता दी जाती है । इसके अतिरिक्त, सभी प्रतिभागी संपर्कों के दौरान, जिनमें राज्यों, कौशल विकास तथा उद्यमशीलता के क्षेत्रीय निदेशालयों, थर्ड पार्टी एग्रगेटर्स के साथ संवाद शामिल है, सभी क्षेत्रों में महिला प्रशिक्षुओं के नियोजन पर अत्यधिक बल दिया जाता है ।

**अनुबंध**

**आंध्र प्रदेश में एन ए पी एस 2.0 के स्थिति के संबंध में 03.02.2025 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 214 के उत्तर के भाग (क) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

तालिका I:

वित्तीय वर्ष 2022-23 से वित्तीय वर्ष 2024-25 (31.12.2024 तक) आंध्र प्रदेश राज्य में नियोजित प्रशिक्षुओं के नियोजन का जिला वार ब्यौरा नीचे दी गई तालिका में दिया गया है :

| **क्रम सं.** | **जिला** | **नियोजित प्रशिक्षु** |
|---|---|---|
| 1 | अनाकापल्ली | 174 |
| 2 | अनन्तपुरामू | 7,990 |
| 3 | अन्नामय्या | 41 |
| 4 | बापतला | 77 |
| 5 | चित्तूर | 8,649 |
| 6 | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनासीमा | 504 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 2,199 |
| 8 | इल्लूरू | 332 |
| 9 | गुन्टूर | 3,162 |
| 10 | काकीनाडा | 559 |
| 11 | कृष्णा | 5,294 |
| 12 | कुरनूल | 1,552 |
| 13 | नान्दयाल | 83 |
| 14 | एन टी आर | 833 |
| 15 | पलान्डू | 31 |
| 16 | पावर्तीपुरम मान्यम | 7 |
| 17 | प्रकासम | 511 |
| 18 | श्री पोत्ती श्रीमालू नेल्लूर | 1,263 |
| 19 | श्री सत्य साई | 2,618 |
| 20 | श्रीकाकूलम | 1,289 |
| 21 | तिरूपति | 2,858 |
| 22 | विशाखापट्टणम | 9,630 |
| 23 | विजयानगरम | 521 |
| 24 | पश्चिम गोदावरी | 955 |
| 25 | वाई.एस.आर | 1,832 |
| | **कुल जोड़** | **52,964** |

<u>तालिका **II:**</u>

आंध्र प्रदेश में एन ए पी एस 2.0 (वि. वर्ष 2022-23 से वि. वर्ष 2024-25 (31.12.2024 तक) के अंतर्गत प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रशिक्षुओं का दो भागों में क्षेत्र वार विवरण:

| **क्रम सं.** | **क्षेत्र का नाम** | **प्रशिक्षित प्रशिक्षु** |
|---|---|---|
| 1 | एरोस्पेस और विमानन | 14 |
| 2 | कृषि | 145 |
| 3 | कृषि एवं गौण सेवाएं | 4 |
| 4 | कपड़ा | 4 |
| 5 | तैयार कपड़ा और होम फर्निशिंग | 259 |
| 6 | वाहन | 2,532 |
| 7 | वाहन संबंधी | 1,061 |
| 8 | बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा (बी एफ एस आई) | 430 |
| 9 | सौंदर्य एवं स्वास्थ्य | 20 |
| 10 | कैपिटल गुड्स | 130 |
| 11 | रसायन | 91 |
| 12 | भवन निर्माण | 276 |
| 13 | घरेलू कामगार | 40 |
| 14 | इलैक्ट्रिकल (नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा सहित) | 3,206 |
| 15 | विद्युतकीय | 2,921 |
| 16 | फैब्रीकेशन | 714 |
| 17 | खाद्य प्रसंस्करण | 191 |
| 18 | खाद्य प्रसंस्करण और प्रीज़र्वेशन | 5 |
| 19 | फर्नीचर और फिटिन्ग्स | 2 |
| 20 | हरित रोज़गार | 1 |
| 21 | स्वास्थ्य देखभाल | 23 |
| 22 | स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वास्थ्य | 13 |
| 23 | हाइड्रोकार्बन | 4 |
| 24 | आद्यौगिक स्वचालन एवं उपकरणीयकरण | 107 |
| 25 | लौह एवं इस्पात | 88 |
| 26 | आई टी-आई टी ई एस | 993 |
| 27 | चमड़ा | 82 |
| 28 | जीव विज्ञान | 1,068 |
| 29 | लॉजिस्टिक्स | 1,192 |
| 30 | प्रबंधन एवं उद्यमशीलता और संव्यवसायिक कौशल | 312 |
| 31 | सामुद्री | 43 |

| **क्रम सं.** | **क्षेत्र का नाम** | **प्रशिक्षित प्रशिक्षु** |
|---|---|---|
| 32 | मीडिया एवं मनोरंजन | 5 |
| 33 | पेन्ट्स और कोटिंग्स | 9 |
| 34 | दिव्यांग | 3 |
| 35 | प्लम्बिग | 8 |
| 36 | ऊर्जा | 7 |
| 37 | उत्पादन एवं निर्माण | 3,674 |
| 38 | खुदरा | 7,476 |
| 39 | रबड़ | 387 |
| 40 | मरम्मत एवं देखरेख सहित सेवाएं | 348 |
| 41 | खेलकूद, शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य और विश्राम | 10 |
| 42 | टेलीकॉम | 128 |
| 43 | कपड़ा | 182 |
| 44 | पर्यटन और होटल | 171 |
| 45 | क्षेत्र उपलब्ध नहीं | 203 |
| | **कुल जोड़** | **28,582** |

****